# भीमताल व्यापार मंडल के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री आज से

## 8 को नामांकन पत्रों की जांच, 17 मार्च को होगा मतदान

उत्तर उजाला संवाददाता

**भीमताल।** व्यापार मंडल भीमताल के अध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए 17 मार्च को मतदान होगा। आज से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी। इस संबंध में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल गंगोला की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने मतदान की तिथि 17 मार्च घोषित की।

बताया कि 6 से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी। 8 को नामांकन पत्रों की जांच व 9 को नाम वापसी होगी। 17 मार्च को सुबह 9 से 3 बजे तक मतदान और 4 बजे से मतगणना शुरू होगी। उन्होंने बताया चुनाव की समस्त प्रक्रिया रामलीला मैदान मल्लीताल में सम्पन्न होंगी। बैठक में जिला संयुक्त महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण पटवाल, सहायक चुनाव अधिकारी पंकज उप्रेती समेत कुर्बान अली जाफरी, गिरधारी भगवाल, ललित मेहरा, आशा उप्रेती, मुकेश पलड़िया, सौरभ रौतेला, पंकज जोशी, हिमांशु रौतेला, पवन जोशी, पूरन जोशी, गोपाल साह, हरदयाल सिंह नयाल समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### अध्यक्ष पद पर पंकज व सौरभ, महामंत्री पद पर पवन चुनाव मैदान में

**भीमताल।** व्यापार मंडल चुनाव तिथि घोषित होते ही अध्यक्ष समेत अन्य पदों के दावेदारों में चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। दावेदारों ने संपर्क शुरू कर दिया है। इस बार अध्यक्ष के लिए पंकज जोशी, सौरभ रौतेला ने दावेदारी कर दी है। इसके अलावा महामंत्री के लिए पवन जोशी ने दावेदारी की है। उपाध्यक्ष के लिए हिमांशु रौतेला व विनीत जोशी, महिला उपाध्यक्ष के लिए आशा उप्रेती, उप सचिव पद के लिए जुबेर खान व रवि टम्टा के नाम दावेदारी के लिए सामने आ चुके हैं, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए अभी किसी की दावेदारी नहीं आयी है। अध्यक्ष पद पर मुकाबला रोचक होगा, क्योंकि दोनों पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। दोनों की व्यापारियों के साथ अच्छी खासी पैठ है।

# मेडिकल कॉलेजों में होगी बाल हृदय रोगियों के उपचार की व्यवस्था

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत ने अपने गुजरात भ्रमण के दौरान अहमदाबाद में यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर तथा बीजे मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने चिकित्सा संस्थानों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर शैक्षणिक, प्रशासनिक व स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में बाल हृदय रोगियों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी।

अहमदाबाद प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने वुधवार को प्रतिष्ठित यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर का भ्रमण किया। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर संस्थान के चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने पावर प्वांइट प्रस्तुति के माध्यम से हृदय रोग देखभाल, उपचार सेवाओं और नवीनतम चिकित्सा प्रणालियों के बारे में जानकारी दी। डा.रावत ने बताया पीडियाट्रिक कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम के उपचार में यह चिकित्सा संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। जहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न देशों से सैकड़ों हृदय रोगी उपचार के लिये आते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी इसी स्तर की बाल हृदय चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जायेंगी, जिससे नवजातों में हृदय रोग की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सके। इसके लिये यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से एक ठोस कार्ययोजना बनाकर उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी बाल हृदय रोगियों के उपचार की व्यवस्था की जायेगी।

# वसंतोत्सव के विशेष प्रचार वाहनों को राज्यपाल ने दिखाई हरी झंडी

**देहरादून।** राजभवन, देहरादून में 07 से 9 मार्च तक तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फूलों से सुसज्जित ये वाहन पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर महोत्सव की जानकारी देंगे। पहला वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा वाहन देहरादून से डोईवाला तक प्रचार करेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया, ताकि वे पुष्प-प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकें। इस अवसर पर बागवानी निदेशक महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग डा.रतन कुमार, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बर्फबारी के बाद बालिंग, नागलिंग गांव से 25 लोग 20 घंटे पैदल चलकर धारचूला पहुंचे

**पिथौरागढ़।** भारी बर्फबारी के बाद बंद रास्तों के बीच बालिंग, नागलिंग गांव से 25 लोग 20 घंटे पैदल चलकर किसी तरह धारचूला पहुंचे। 28 फरवरी को हुई बर्फबारी के बाद दारमा को जोड़ने वाले रास्ते भी बंद हो गए थे। कई जगह 5 फीट से अधिक बर्फ जमा है। जबकि कई रास्तों में ग्लेशियर आया है। माइग्रेशन गांवों में बीआरओ सड़क के काम से जुड़े लोगों ने वहां बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड व भोजन-पानी के संकट को देखते हुए वापस जाने का फैसला लिया। वे अपनी जान को जोखिम में डालकर बर्फ से दबे रास्तों में किसी तरह मानव श्रृंखला बनाकर धारचूला पहुंचे। बर्फबारी के बीच यहां आने वाले लोगों में बालिंग गांव के 11, नागलिंग के 14 लोग शामिल हैं। बालिंग के दिनेश सिंह बंग्याल ने बताया कि दो दिन की बारिश व बर्फबारी से गांव में सभी लोगों के घर ढक गए हैं। कहा कि ऐसे में वहां रह पाना मुश्किल हो गया था। जिस कारण बर्फ से ढके रास्तों के बीच ही आने का निर्णय लिया। पहले दिन तीन मार्च को 15 किमी चलकर बालिंग से उर्थिंग पहुंचे।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**हल्द्वानी।** शहर में किसी काम से आए एक स्कूटर सवार वृद्ध की घर वापसी के दौरान हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पनिया मेहता गांव हैड़ाखान निवासी 62 वर्षीय गंगा राम पुत्र प्रताप राम बुधवार को किसी काम से हल्द्वानी आए थे। दोपहर बाद वह रानीबाग होते हुए घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार केमू बस ने उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गंगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए और बस का चालक घटना स्थल से फरार हो गया। आनन-फानन में वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार को हाईकोर्ट से राहत

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार के विरुद्ध पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई कर याचिकाकर्ता को राहत दी है। पत्रकार के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही करने पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ में हुई।

मामले के अनुसार कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार व सोशल मीडिया कर्मी सुधांशु थपलियाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि हिट एंड रन से पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने की एक पोस्ट उन्होंने अपने फेसबुक में 29 जनवरी 2025 को पोस्ट की थी। इस पोस्ट को पुलिस की छवि खराब करने वाला बताते हुए पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया।

जबकि उन्होंने हिट एंड रन में हुई युवती के मौत पर ड्राईवर पर कार्यवाही करने को लेकर पोस्ट की थी। याचिका में कहा गया है कि पुलिस कानून का दुरुपयोग कर आम आदमी के अधिकार को दबाने का प्रयास कर रही है।

## नियम तोड़ने पर 42 वाहनों के चालान

उत्तर उजाला संवाददाता

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालान किए गए और तीन वाहनों को सीज किया। यह कार्रवाई सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और आरटीओ डा. गुरदेव सिंह की अगुवाई में की गई। कार्रवाई के दौरान वाहनों के विभिन्न उल्लंघनों जैसे यूनिफार्म न पहनना, वाहनों का सत्यापन न कराना, टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, निर्धारित मार्ग से भिन्न मार्ग पर संचालन, बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग आदि के मामलों में सख्ती दिखाई गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — अधिसूचना सं. 47/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण निम्नलिखित **फेस्टिवल स्पेशल गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जायेगा।

**गाड़ी सं. 09075/09076 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम - मुंबई सेंट्रल**

**संचलन के दिन- गाड़ी सं. 09075 मुंबई सेंट्रल से (बुधवार)** - मार्च-25 दिनांक :12, 19, 26, अप्रैल-25 दिनांक : 02, 09, 16, 23, 30, मई-25 दिनांक : 07, 14, 21, 28, जून-25 दिनांक : 04, 11, 18, 25 = **कुल 16 फेरा**

**गाड़ी सं. 09076 काठगोदाम से (गुरूवार)** - मार्च-25 दिनांक: 13, 20, 27, अप्रैल-25 दिनांक: 03, 10, 17, 24, मई-25 दिनांक: 01, 08, 15, 22, 29, जून-25 दिनांक: 05, 12, 19, 26 = **कुल 16 फेरा**

| गाड़ी सं. 09075 मुंबई सेंट्रल - काठगोदाम सुपरफास्ट विशेष गाड़ी | | | गाड़ी सं. 09076 काठगोदाम- मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट विशेष गाड़ी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | **11.00** | **मुंबल सेंट्रल** | **20.55** | --- |
| 11.32 | 11.36 | बोरीवली | 20.08 | 20.10 |
| 13.22 | 13.24 | वापी | 18.08 | 18.10 |
| 13.45 | 13.47 | वलसाड | 17.50 | 17.52 |
| 14.28 | 14.33 | उधना | 16.53 | 16.58 |
| 16.33 | 16.38 | वडोदरा | 14.40 | 14.45 |
| 20.15 | 20.25 | रतलाम | 10.30 | 10.40 |
| 00.30 | 00.35 | डकनिया तलाव | 06.45 | 06.50 |
| 02.35 | 02.40 | गंगापुर सिटी | 04.40 | 04.45 |
| 03.13 | 03.15 | हिण्डौन सिटी | 04.03 | 04.05 |
| 05.03 | 05.05 | भरतपुर | 03.08 | 03.10 |
| 07.30 | 07.35 | मथुरा | 01.10 | 01.15 |
| 08.05 | 08.07 | हाथरस सिटी | 23.48 | 23.50 |
| 09.00 | 09.10 | कासगंज | 22.30 | 22.40 |
| 09.46 | 09.48 | बदायूँ | 21.26 | 21.31 |
| 10.45 | 10.50 | बरेली | 20.42 | 20.47 |
| 11.03 | 11.05 | बरेली सिटी | 20.21 | 20.23 |
| 11.23 | 11.25 | इज्जतनगर | 20.03 | 20.08 |
| 12.20 | 12.22 | बहेड़ी | 19.25 | 19.30 |
| 12.38 | 12.40 | किच्छा | 19.07 | 19.09 |
| 13.10 | 13.15 | लालकुऑं | 18.25 | 18.33 |
| 13.48 | 13.50 | हलद्वानी | 17.50 | 17.52 |
| **14.30** | --- | **काठगोदाम** | --- | **17.30** |

**रेक संरचना** - एसी 2 टियर -1, एसी 3 टियर - 5, शयनयान - 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-2, जीएसएलआरडी-2 = **कुल 18 कोच**

मुजाधि/टी – 140 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AMEER MALIK (पुराना नाम) से बदलकर AAMIR MALIK (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे AAMIR MALIK (नया नाम) S/O ABDUL AZIZ के नाम से जाना पहचाना जाए, वर्तमान पता 266, Ward No.9 Boring Gali Kichha (Udham Singh Nagar) Pin-263148 Uttarakhand

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तरुण प्रकाश सिंह (पुराना नाम) से बदलकर तरुण प्रकाश सिंह टाकुली (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे तरुण प्रकाश सिंह टाकुली (नया नाम) S/O घनश्याम सिंह टाकुली के नाम से जाना पहचाना जाए, वर्तमान पता धूपकोठी चीना लॉज, मल्लीताल, नैनीताल जिला-नैनीताल, उत्तराखण्ड 263002

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र संतोष कुमार को, उसके गलत संगति में पड़ जाने, नशापान कर घर की सुख-शांति भंग करने व हमारी हत्या की धमकी देने से परेशान होकर, अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य, व्यवहार, लेन-देन आदि के लिए उक्त संतोष कुमार खुद जिम्मेदार होगा। मेरा एवं परिवार के सदस्यों का उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। **बहादुर पाल पुत्र श्री देवाराम, निवासी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा, हल्द्वानी, जिला नैनीताल**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी व परिवार की पुत्रियों यासमीन, नाहिद, शाईस्ता पुत्रों गुलाम साबिर, आफताब आलम ने अपने पुत्र/भाई आफाक हुसैन व पुत्रवधु/भाभी नजमा बी तथा पौत्री/भतीजी आबिदा, सादका पौत्र/भतीजा मो. आदिल को घर परिवार में सम्पत्तियों को लेकर लड़ाई झगड़ा करने तथा पूर्व में मेरी बिना अनुमति प्राप्त किये सम्पत्ति बेच देने और सम्पूर्ण रकम हड़प कर जाने के कारण मैंने व मेरे उपरोक्त परिवार के सदस्यों ने हमेशा हमेशा के लिये सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा मैंने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र, पुत्रवधु, पौत्रियों, पौत्र को बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र, पुत्रवधु, पौत्रियों, पौत्र द्वारा किसी भी बाहरी व्यक्ति से किसी तरह के भी लेन देन की तथा गैर कानूनी कार्य किये जाने की जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी मेरी व मेरे उपरोक्त परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती चंदा बी पत्नी स्व. अनवार अहमद, निवासी खान मेडिकल स्टोर के पास, बड़ी रोड, इन्द्रानगर, हल्द्वानी जनपद नैनीताल मो.नं.-8938027676**


# चर्चित प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी गिरफ्तार

**काशीपुर।** चर्चित प्रॉपर्टी डीलर सौरभ अग्रवाल की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार उनके खिलाफ चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालय से वारंट जारी हुआ था, जिसके आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि हाल ही में सौरभ अग्रवाल ने काशीपुर के दो पत्रकारों पर रंगदारी, धोखाधड़ी और पुलिस के नाम पर पैसा मांगने के आरोप लगाए थे। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। हालांकि खुद सौरभ अग्रवाल पर भी कई गंभीर आरोप लगे हैं। उनके खिलाफ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में एक दर्जन से अधिक शिकायतें लंबित हैं, जिनमें चेक बाउंस समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनकी पत्नी की गिरफ्तारी के बाद अब पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

### प्रापर्टी डीलर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** दो पत्रकारों पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज करवाने वाले प्रापर्टी डीलर पर भी धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज हुआ है। बता दें कि नगर के मो. अल्ली खां निवासी दिलशाद हुसैन पुत्र सद्दीक ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि उसने एक दुकान की जमीन सौरभ अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल निवासी चामुंडा विहार काशीपुर से 16 दिसंबर 2020 को पांच लाख साठ हजार रुपये में खरीदी थी, जिसका एग्रीमेंट सौरभ अग्रवाल ने उसके पक्ष में कर दिया था और उससे पूरी रकम स्टाम्प पर लिख कर दे दी। उससे कहा गया कि आप अपनी दुकान की बुनियादी निशानी के तौर पर बाउंड्री वॉल कर लो व जमीन पर कब्जा ले लो। दिलशाद ने बताया कि सौरभ अग्रवाल के कहने उसने जमीन की बाउंड्री वॉल भी करा दी, जिसमें उसका पचास हजार रुपये का खर्चा हुआ। लेकिन जब उसने उक्त जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए सौरभ अग्रवाल को बोला तो वह टाल मटोल करने लगा। इस बीच सौरभ अग्रवाल ने उसकी दुकान की बाउंड्री वाल जेसीबी लगाकर गिरा दी। इस मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने सौरभ अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई सुनील सुतेड़ी के सुपुर्द की है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही सौरभ अग्रवाल ने दो पत्रकारों पर उसे गैंगस्टर एक्ट लगने का भय दिखाकर लगभग 1 करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगाया है।

# बाइक सवार हमलावरों ने युवक पर झौंके फायर, गंभीर

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी 20 वर्षीय अंकित सागर मंगलवार की रात घर के पास ही दुकान से चावल लेने जा रहा था। इसी बीच बाइक पर सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। पहले एक युवक ने अंकित से हाथ मिलाया। इसके बाद उसपर फायर कर दिया। पीड़ित के मुताबिक एक फायर से वह सौभाग्य से बच गया। इसके बाद दूसरा फायर किया और गोली बाईं जांघ पर लगी। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिवार के लोग युवक को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया पुलिस ने पीड़ित से भी बातचीत की। इंस्पेक्टर मोहन चन्द पाण्डेय ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है पीड़ित भी अभी कुछ बताने को तैयार नहीं है। सीसीटीवी कैण्मरे भी खंगाले जा रहे हैं, तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इधर पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया कि युवक पर पहले भी तलवार से हमला किया गया है।




# फि ल मी ना मा




## महाभारत पर फिल्म बनाना आमिर खान का सपना



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने कहा कि वह महाकाव्य महाभारत को बड़े पर्दे पर पेश करने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। एबीपी नेटवर्क के आइडियाज ऑफ इंडिया 2025 कार्यक्रम में आमिर ने यह भी कहा कि वह बच्चों पर केंद्रित फिल्में और कार्यक्रम अधिक बनाना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, महाभारत पर फिल्म बनाना मेरा सपना है। शायद अब मैं इस सपने के बारे में सोच पाऊंगा। देखते हैं कि इसमें मेरा कोई किरदार होगा या नहीं। मुझे बच्चों से जुड़ा कंटेंट बनाने में भी दिलचस्पी है। भारत में हम बच्चों के लिए कम कंटेंट बनाते हैं। आमतौर पर हम विदेश के कंटेंट डब करके रिलीज करते हैं। मैं बच्चों पर केंद्रित कहानियां बनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, एक अभिनेता के तौर पर मैं एक समय में एक ही फिल्म करता हूं और मैं इससे खुश हूं, लेकिन एक निर्माता के रूप में, मैं ज्यादा फिल्में बनाना चाहता हूं। अगले महीने मैं 60 साल का हो जाऊंगा और आने वाले 10-15 वर्षों तक मैं ज्यादा काम करना चाहता हूं, नयी प्रतिभाओं को अवसर देना चाहता हूं। रंग दे बसंती, दिल चाहता है, लगान और 3 इडियट्स जैसी फिल्मों के लिए मशहूर आमिर ने कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग में लेखकों को अधिक पहचान और समर्थन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत में अधिक सिनेमाघरों की जरूरत है। चीन में एक लाख से अधिक सिनेमाघर हैं, जबकि हमारे यहां केवल 10,000 सिनेमाघर हैं। हमें ऐसे सिनेमाघर चाहिए, जो बड़े पैमाने पर दर्शकों की उम्मीदों को पूरा करें। आमिर ने अपने बेटे जुनैद खान की हालिया प्रदर्शित फिल्म लवयापा की असफलता पर भी बात की और कहा कि इससे वह निराश हुए।

## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | | 7 |
| | 8 | 5 | | | | 3 | | |
| 6 | | | 2 | | | | 1 | |
| | | | | | | 5 | | 8 |
| | 4 | | 1 | | 5 | | 6 | |
| 2 | | 3 | | | | | | |
| | 9 | | | | 2 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| 1 | | | | 5 | | | 9 | |

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 |


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक: 71/04-सा. स्वा.अनु./2024-25 — दिनांक 05-03-2025

## ई- निविदा सूचना

नगरपालिका परिषद रामनगर की सीमार्न्तगत स्थित 20 वार्डो में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अर्न्तगत सरकारी/गैर सरकारी/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय भवनों से डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रीकरण तथा एकत्रित कूड़े का जैविक/अजैविक) पृथक्कीकरण कर निस्तारण एवं यूज़र चार्ज एकत्रीकरण कार्य हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित फर्मों से ई-टेण्डरिंग द्वारा (टू बिड सिस्टम) के अन्तर्गत http:// uktenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा दिनांक 06-03-2025 अपरान्ह 01:00 बजे से दिनांक 20-03-2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

नोट :- अधिक जानकारी हेतु कार्यालय नगर पालिका परिषद रामनगर (नैनीताल) पर एवं पालिका की ऑफिशीयल मेल आई0डी0 Email: eonagarpalikaramnagar@gmail.com पर सम्पर्क करें।

**आलोक उनियाल**
**अधिशासी अधिकारी**

**मौ. अकरम**
**अध्यक्ष**

**नगर पालिका परिषद, रामनगर**



## उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल-263002
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या U40109UR2001SGC025867, दूरभाष: 05942-235524

### विद्युत बाधित सूचना

समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण खण्ड नैनीताल में विद्युत वितरण उपखण्ड नैनीताल के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान सूखाताल में 33 केवी सूखाताल लाईन में अतिआवश्यक अनुरक्षण के कार्य हेतु निम्न तालिकानुसार शटडाउन प्रस्तावित होने के कारण निम्नानुसार विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी :-

| दिनांक | उपसंस्थान/फीडर | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|
| 07.03.2025 (शुक्रवार)<br>08.03.2025 (शनिवार)<br>10.03.2025 (सोमवार)<br>11.03.2025 (मंगलवार)<br>12.03.2025 (बुधवार)<br>13.03.2025 (गुरूवार) | 33/11 केवी उपसंस्थान सूखाताल के 11 केवी टाउन-1, टाउन-2, जलकल, ए०टी०आई, हाईकोर्ट, सोड़बगड़ पोषक | समस्त सूखाताल से सम्बन्धित क्षेत्रों को पोषित करने वाले पोषकों में **आंशिक एवं पूर्ण रुप से प्रभावित रहेंगे।** (नोटः- **उक्त कार्य किये जाने के फलस्वरुप 33 केवी लिंक लाइन सूखाताल- पाइन्स से सभी पोषित उपभोक्ताओं को वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति की जायेगी** यदि आकस्मिक स्थिति में ब्रेकडाउन होने पर बिजली घर से पोषित सभी विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उक्त अवधि में बाधित रहेगी) | प्रातः 10:00 बजे से 05:00 बजे (कुल 7 घण्टे) |

उपरोक्त समयावधि में उपरोक्त उपसंस्थान से सम्बन्धित प्रभावित क्षेत्रों में उपरोक्त कार्य कराये जाने के फलस्वरुप पूर्ण/आशिंक रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी अतः सम्बन्धित क्षेत्र के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वैकल्पिक व्यवस्था करते हुये पूर्ववत् सहयोग की अपील की जाती है।

**No.: 105/EE(CM)/UPCL/A-2 Date: 05.03.2025** — अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### केदारनाथ और...

2025-26 के लिए कुल 3,880 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। इस योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी गई। एलएचडीसीपी योजना में अब पशु औषधि का एक नया हिस्सा जोड़ दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल ने पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया है। इस योजना के पशु औषधि प्रावधान के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि पशु औषधि, जन औषधि योजना के समान होगी। इसके तहत जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि पशु चिकित्सा दवाओं के पारंपरिक ज्ञान को भी पुनर्जीवित किया जाएगा और योजना के हिस्से के रूप में इस पारंपरिक ज्ञान का भी दस्तावेज तैयार किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने पशु औषधि के प्रावधान के तहत अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की आपूर्ति और बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए कुल बजट आवंटन से 75 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस बदलाव के बाद अब एलएचडीसीपी के कुल तीन हिस्से हो गए हैं। इनमें राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण और पशु औषधि शामिल हैं। पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम का ध्यान पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका रोग, ब्रूसेलोसिस और त्वचा में गांठें बनने वाली लम्पी स्किन डिजीज जैसी बीमारियों की टीकाकरण के माध्यम से रोकथाम पर केंद्रित है। यह योजना पशुधन स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की पशुपालकों के घर तक आपूर्ति और जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की उपलब्धता में सुधार का भी समर्थन करती है।

### देश में करोड़पतियों...

यह देखा जा रहा है, जो रियल एस्टेट से लेकर वैश्विक इक्विटी तक परिसंपत्ति वर्गों में विविधता ला रहे हैं। बैजल ने कहा, आने वाले दशक में वैश्विक संपत्ति सृजन में भारत का प्रभाव और मजबूत होगा।

### उत्तराखंड का...

देखी। रिपोर्ट कहती है, विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का राज्य की समग्र अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव पड़ा। 2000 से 2011 तक उत्तराखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद सालाना 11.05 प्रतिशत बढ़ा, जबकि हिमाचल प्रदेश ने 6.91 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की।

### रोजगार सृजन...

करना चाहिए कि हर स्तर पर व्यवसाय इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लें। इस साल के बजट में, हमने 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट की घोषणा की है। अगले पांच साल में चिकित्सा क्षेत्र में 75,000 और सीट जोड़ने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने के सरकार के फैसले के बारे में भी बात की और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने उद्योग जगत से स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया और रोजगार सृजन के लिए चिकित्सा पर्यटन की संभावनाओं पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत तक योगदान करने और करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में 50 गंतव्यों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन गंतव्यों में होटलों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने से पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा, बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध शहरीकरण जरूरी है। हमने शहरी चुनौती कोष के लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला किया है। निजी क्षेत्र, खासकर रियल एस्टेट उद्योग को योजनाबद्ध शहरीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र के बराबर कौशल विकास को महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि एआई से अर्थव्यवस्था में लाखों करोड़ रुपये का योगदान मिल सकता है। इस दिशा में, हमने बजट में एआई आधारित शिक्षा और शोध के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एआई क्षमता के विकास के लिए राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है। उन्होंने शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दिए जाने का जिक्र भी किया। इससे उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा।

### रूस शांति...

प्रशासन जल्द भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा, उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी यह कहा था। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अमेरिका के जवाबी शुल्क से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि शुल्क संरचना पर कोई भी उनसे बहस नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों पर चीन का औसत शुल्क दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत शुल्क चार गुना ज्यादा है। जरा सोचिए, चार गुना ज्यादा और हम दक्षिण कोरिया को सैन्य रूप से तथा कई अन्य तरीकों से इतनी मदद देते हैं, लेकिन यही होता है। यह दोस्त और दुश्मन दोनों की तरफ से हो रहा है। यह प्रणाली अमेरिका के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा, हम कनाडा और मेक्सिको को सैकड़ों अरबों डॉलर की सब्सिडी देते हैं। अमेरिका अब ऐसा नहीं करेगा। हम अब ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। ट्रंप ने इससे पहले कहा था कि भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका इस बारे में बातचीत शुरू करेंगे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस समय अपने अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लुटनिक के साथ व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन में हैं।

### न्यूजीलैंड और ...

अलावा दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 49, 27 गेंद) और डेरिल मिचेल (49 रन, 37 गेंद) ने अंत में पांचवें विकेट के लिए 30 गेंद में 57 रन जोड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। टीम ने अंतिम 10 ओवर में 112 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 72 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कागिसो रबादा ने 70 रन पर दो विकेट हासिल किए। सेमीफाइनल के साथ ही पाकिस्तान में चैंपियन्स ट्रॉफी का अंत हो गया, क्योंकि अब फाइनल नौ मार्च को दुबई में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद रविंद्र और विल यंग (21) ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। एनगिडी ने आठवें ओवर में यंग को एडेन मार्करम के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। अपने शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ 32 रन देने के बाद एनगिडी ने अंतिम ओवरों में खूब रन लुटाए। रविंद्र ने इसके बाद विलियमसन के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। दोनों ने कई आकर्षक शॉट खेले और 25 ओवर से अधिक तक दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। बांग्लादेश के खिलाफ 112 रन बनाने रविंद्र ने मौजूदा चैंपियन्स ट्रॉफी में अपना दूसरा और आईसीसी टूर्नामेंट में अपना पांचवां शतक पूरा किया। उन्होंने रबादा की गेंद पर दो रन के साथ 93 गेंद में 100 रन के आंकड़े को छुआ। रबादा ने रविंद्र को विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच कराके इस बड़ी साझेदारी का अंत किया।